# भारत में वित्तीय अंतरण

## प्रलिम्सि के लयि:

**[कर अंतरण](), [सहायता अनुदान](), [GST कार्यान्वयन](), [भारत के नयिंत्रक और महालेखा परीक्षक](), [16वाँ वित्त आयोग]()**

## मेन्स के लयि:

भारत में राजकोषीय संघवाद की वर्तमान स्थिति

**[स्रोत: द हिंदू]()**

## चर्चा में क्यों?

भारत के कई राज्यों ने दावा किया कि [कर अंतरण (Tax Devolution)]() की वर्तमान योजना के अनुसार उन्हें अपना उचित हिस्सा प्राप्त नहीं हो रहा है। उनके अनुसार, प्राप्त राशि की तुलना में वे **राष्ट्रीय कर पूल** में अधिक योगदान करते हैं।

## भारत में कर अंतरण की वर्तमान स्थिति क्या है?

- **परिचय: वित्तीय अंतरण/न्यागमन (Financial devolution)** का तात्पर्य केंद्र सरकार से राज्यों को वित्तीय संसाधनों और निर्णय लेने की शक्तियों के अंतरण से है।
- **सांविधानिक ढाँचा:** संविधान का अनुच्छेद 270 केंद्र सरकार और राज्यों के बीच निवल कर आय के वितरण की रूपरेखा निर्दिष्ट करता है।
    - प्रत्येक पाँच वर्ष में गठित **[वित्त आयोग (FC)]()**, केंद्र सरकार के विभाज्य **करों के पूल** {उपकर (Cess ) और अधिभार (Surcharge) के अतिरिक्त} से धन के ऊर्ध्वाधर/विषमस्तरीय (Vertical) वितरण की अनुशंसाएँ करता है।
    - इसके अतिरिक्त यह विभिन्न राज्यों के बीच इन निधियों के समस्तर आवंटन के लिये एक सूत्र प्रदान करता है।
    - करों के आवंटन के अतिरिक्त, राज्यों को वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार **[सहायता अनुदान]()** भी प्रदान किया जाता है।
        - **डॉ. अरविंद पनगढ़िया** की अध्यक्षता में **16वें वित्त आयोग** को **वर्ष 2026-31 की अवधि** के लिये संबद्ध विषय हेतु अनुशंसाएँ करने का कार्य सौंपा गया है।
- **राज्यों के बीच अंतरण के लिये मानदंड: वर्तमान में 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार विभाज्य पूल (ऊर्ध्वाधर/विषमस्तरीय अंतरण) में राज्यों की हिस्सेदारी 41% है।**


**Table 1 : The criteria for horizontal devolution among States over the last five FCs**

| Criteria | 11th FC 2000-05 | 12th FC 2005-10 | 13th FC 2010-15 | 14th FC 2015-20 | 15th FC 2021-26 |
|---|---|---|---|---|---|
| Income Distance | 62.5 | 50 | 47.5 | 50 | 45 |
| Population (1971 Census) | 10 | 25 | 25 | 17.5 | - |
| Population (2011 Census) | - | - | - | 10 | 15 |
| Area | 7.5 | 10 | 10 | 15 | 15 |
| Forest cover | - | - | - | 7.5 | - |
| Forest and ecology | - | - | - | - | 10 |
| Infrastructure index | 7.5 | - | - | - | - |
| Fiscal discipline | 7.5 | 7.5 | 17.5 | - | - |
| Demographic performance | - | - | - | - | 12.5 |
| Tax effort | 5 | 7.5 | - | - | 2.5 |
| **Total** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** |

//

- **राज्यों का योगदान एवं कर-अंतरण:**

**Chart 1:** The amount in ₹ each State got for every rupee they contributed to Central taxes in 2021-22*




- **कर अंतरण के संबंध में चिंताएँ:**
  - **उपकर और अधिभार का अपवर्जन:** कर राजस्व के विभाज्य पूल से उपकर **और अधिभार के अपवर्जन को लेकर चिंताएँ** जताई गई हैं, जिससे राज्यों के कर राजस्व में हिस्सेदारी में कमी आ रही है।
    - केंद्र सरकार द्वारा एकत्र किया गया उपकर और अधिभार **सत्र 2024-25 के लिये उसकी सकल कर प्राप्तियों का लगभग 23%** होने का अनुमान है, जो विभाज्य पूल का हिस्सा नहीं है तथा इसलिये राज्यों के साथ साझा नहीं किया जाता है।
  - **GST कार्यान्वयन के लिये अपर्याप्त मुआवज़ा:** कुछ राज्यों का मानना है कि **GST कार्यान्वयन** के दौरान राजस्व हानि के लिये मुआवज़ा अपर्याप्त है, वे राजस्व की कमी को दूर करने के लिये एक निष्पक्ष तंत्र का आग्रह कर रहे हैं।
  - **निधि उपयोग में लचीलेपन का अभाव:** कुछ राज्य स्थानीय प्राथमिकताओं की आपूर्ति के लिये **अंतरित** निधियों के उपयोग में अधिक

लचीलेपन का समर्थन करते हैं।

## नोट:

- **आय असमानता:** किसी राज्य की आय और प्रति व्यक्ति उच्चतम आय वाले राज्य के बीच असमानता को संदर्भित करता है।
  - राज्यों के बीच समानता सुनिश्चित करने के लिये प्रति व्यक्ति निम्न आय वाले राज्यों को अधिक हिस्सा मिलता है।
- **जनसंख्या:** [वर्ष 2011 की जनगणना](#) के आधार पर जनसंख्या गणना का प्रतिनिधित्व करता है। पहले, 14वें वित्त आयोग तक **वर्ष 1971 की जनगणना** की जनसंख्या पर विचार किया जाता था, लेकिन 15वें वित्त आयोग में यह प्रथा बंद कर दी गई।
- **वन और पारिस्थितिकी:** सभी राज्यों में कुल घने वन क्षेत्र की तुलना में प्रत्येक राज्य में **घने वन क्षेत्र के समानुपात** पर विचार किया जाता है।
- **जनसांख्यिकीय प्रदर्शन: जनसंख्या नियंत्रण में राज्यों के प्रयासों** को मान्यता देने के लिये इसे पेश किया गया, जिसमें कम प्रजनन अनुपात वाले राज्यों को उच्च अंक प्राप्त हुए।
- **कर प्रयास:** जो राज्य अपनी कर संग्रहण प्रक्रिया में उच्च दक्षता प्रदर्शित करते हैं उन्हें कर प्रयास से पुरस्कृत किया जाता है।

## आगे की राह

- **राजकोषीय संघवाद ढाँचे की समीक्षा: अंतरण** प्रक्रिया में अंतराल और अक्षमताओं की पहचान करने के लिये राजकोषीय संघवाद ढाँचे की व्यापक समीक्षा करने की आवश्यकता है।
  - इसमें मौजूदा तंत्र की प्रभावशीलता का आकलन करने और सुधारों का प्रस्ताव करने के लिये एक समिति या आयोग की स्थापना शामिल हो सकती है।
- **प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन: [सुशासन](#), पारदर्शिता और विकास परिणामों** जैसे क्षेत्रों में प्रदर्शन संकेतकों के लिये अतिरिक्त **अंतरण** को जोड़ने से ज़िम्मेदार संसाधन प्रबंधन को प्रोत्साहन मिल सकता है।
- **संस्थानों को सुदृढ़ बनाना:** [भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (CAG)](#) जैसे सशक्त संस्थान लौटाए गए धन के प्रबंधन में प्रभावी निरीक्षण और जवाबदेही सुनिश्चित कर सकते हैं।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

### ?????????:

**प्रश्न. निम्नलिखित पर विचार कीजिये: (2023)**

1. जनसांख्यिकीय निष्पादन
2. वन और पारिस्थितिकी
3. शासन सुधार
4. स्थिर सरकार
5. कर एवं राजकोषीय प्रयास

**समस्तर कर-अवक्रमण के लिये पंद्रहवें वित्त आयोग ने उपर्युक्त में से कितने को जनसंख्या क्षेत्रफल और आय के अंतर के अलावा निकष के रूप में प्रयुक्त किया?**

(a) केवल दो
(b) केवल तीन
(c) केवल चार
(d) सभी पाँच

**उत्तर: (b)**

---

### ?????:

**प्रश्न. 13वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं की विवेचना कीजिये जो स्थानीय शासन की वित्त-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये पिछले आयोगों से भिन्न हैं। (2013)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/financial-devolution-in-india